SafeArrival
Student Absence Management System
ocdsb.ca/SafeArrival

OTTAWA-CARLETON
DISTRICT SCHOOL BOARD

SafeArrival क्या है?
SafeArrival छात्रों की अनुपस्थितियों की व्यवस्था करने के लिए एक नया सिस्टम है। मोबाइल ऐप, वेबसाइट या टोल-फ्री फोन लाइन का उपयोग करके परिवार अग्रिम रूप से अनुपस्थिति की सूचना दे सकते हैं। ये विकल्प दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध हैं।

हम **SafeArrival** का उपयोग क्यों कर रहे हैं**?**
- छात्र सुरक्षा में सुधार होता है।
- परिवारों को छात्र की अनुपस्थिति के बारे में आसानी से सूचना देने में सहायता मिलती है।
- किसी छात्र के अकारण अनुपस्थित रहने की स्थिति में स्कूलों को तुरंत प्रतिक्रिया करने में सहायता मिलती है।
- परिवारों को शीघ्रता से सूचनाएं मिल जाती हैं।

SafeArrival का उपयोग कैसे करें**?**
आप तीन तरीकों से छात्र की अनुपस्थिति की सूचना दे सकते हैं:
महत्वपूर्ण: ऐप / वेबसाइट के लिए अपना अकाउंट तैयार करते समय उस ईमेल पते का उपयोग करें जो आपके छात्र के स्कूल के रिकॉर्ड में है।

1) ऐप: अपने मोबाइल डिवाइस पर SchoolMessenger ऐप इंस्टॉल करें या OCDSB ऐप के माध्यम से इसको एक्सेस करें। ऐप खोलें और रजिस्ट्रेशन के लिए *साइन अप* को चुनें। रजिस्ट्रेशन के बाद, मेन्यू से *उपस्थिति* चुनें, फिर *अनुपस्थिति की सूचना दें* और निर्देशों का पालन करें।
2) वेबसाइट: go.schoolmessenger.ca पर जाएं। अपना अकाउंट बनाने के लिए *साइन अप (Sign Up)* चुनें। रजिस्ट्रेशन के बाद मेन्यू से *उपस्थिति* चुनें, *फिर अनुपस्थिति की सूचना दें* और प्राम्प्ट्स का पालन करें।
3) टोल-फ़्री फ़ोन: स्वचालित फ़ोन प्रणाली का उपयोग करके अनुपस्थिति की सूचना देने के लिए 1-833-202-1417 पर टोल-फ़्री कॉल करें और प्राम्प्ट्स का पालन करें।

SafeArrival
Student Absence Management System
ocdsb.ca/SafeArrival

OTTAWA-CARLETON
DISTRICT SCHOOL BOARD

उपयोगी जानकारी:

- यदि छात्र को स्कूल पहुंचने में देरी होगी, तो पूरा दिन (Full Day) चुनें और फिर देरी (Late) चुनें। देर से आने वाले सभी छात्रों को पूरे दिन के लिए अनुपस्थित चिह्नित किया जाता है, जब तक कि वे स्कूल कार्यालय में पहुंचकर साइन इन नहीं कर देते।
- एलिमेन्ट्री और इंटरमीडिएट स्कूलों के लिए उसी दिन की अनुपस्थिति की सूचना स्कूल शुरू होने के समय के 30 मिनट बाद तक ही दी जा सकती है। उसके बाद कृपया सीधे स्कूल में कॉल करें।
- सेकण्डरी स्कूलों में उसी दिन की अनुपस्थिति की सूचना शाम 10:30 बजे तक दी जा सकती है।
- स्कूल कैलेंडर में किसी भी स्कूल दिवस के लिए अनुपस्थिति की सूचना अग्रिम रूप से दी जा सकती है।
- यदि छात्र को अनुपस्थित चिह्नित किया गया है और अनुपस्थिति की अग्रिम सूचना नहीं दी गई है, तो हमारे SchoolMessenger सिस्टम द्वारा आपसे कई बार संपर्क करने की कोशिश की जाएगी जब तक आप अनुपस्थिति की पुष्टि और कारण नहीं बता देते हैं। यदि नामित व्यक्ति से संपर्क नहीं किया जा सकता है, तो स्कूल कर्मचारी अनुवर्ती कार्रवाई करेंगे। इन सूचनाओं से बचने के लिए, कृपया अपने बच्चे की अनुपस्थिति की सूचना अग्रिम रूप से दें।
- कृपया सुनिश्चित करें कि स्कूल के पास हमेशा आपकी वर्तमान संपर्क जानकारी रहती है ताकि सही माता-पिता/अभिभावक को संचार भेजा जा सके।